# नवजीवन कुष्ठ आश्रम में 240 आवासों का निर्माण पूरा

## पीएम आवास योजना की समीक्षा



**जमशेदपुरः** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक के अंतर्गत देवनगर स्थित नवजीवन कुष्ठ आश्रम में 400 आवास का निर्माण किया जाना है, जिसमें अब तक 240 आवास का कार्य पूर्ण कर लिया गया है. नवजीवन कुष्ठ आश्रम में हो रहे निर्माण से संबंधित कार्य प्रगति की समीक्षा जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार के द्वारा की गई. इस दौरान आश्रम में पेय जलापूर्ति एवं बिजली के कनेक्शन जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया. बैठक में आवास योजना के नोडल पदाधिकारी राहुल कुमार, जूडोको के प्रोजेक्ट मैनेजर संजय कुमार, जुस्को के इंजीनियर उपस्थित थे.